# संपादकीय

## ट्रंप की वक्र दृष्टि

अपने बेतुके फैसलों व टैरिफ वार से तमाम अर्थव्यवस्थाओं को हिलाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की वक्र दृष्टि अब अमेरिका के नामी–गिरामी विश्वविद्यालयों पर भी पड़ी है। दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र होने का दंभ भरने वाले अमेरिका में विश्वविद्यालय परिसरों में लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति का गला घोंटा जा रहा है। अब अमेरिका में उच्च शिक्षा का सपना देखने वाले भारत व दुनिया के तमाम देशों के छात्रों के लिये ट्रंप प्रशासन ने मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। हाल के दिनों में प्रतिष्ठित हार्वर्ड विश्वविद्यालयों पर मनमाने फैसले थोपे व कई तरह के प्रतिबंध लगाए गए, जो विश्वविद्यालयों के परिसरों में अभिव्यक्ति की आजादी पर नकेल कसने की ही कवायद थी। दलील दी गई कि फलस्तीन का समर्थन करने वाले छात्र–छात्राओं की सूचना ट्रंप प्रशासन को दी जाए। इन्हीं बंदिशों के बाद अब ट्रंप सरकार ने दुनियाभर के अपने दूतावासों को स्टूडेंट वीजा की प्रक्रिया बंद करने का आदेश दिया है। ट्रंप सरकार की दलील है कि पहले आवेदक छात्रों के सोशल मीडिया अकाउंट की गहरी जांच की जाएगी। इस योजना पर काम चल रहा है। दरअसल, अमेरिकी सरकार द्वारा स्टूडेंट वीजा के लिये आवेदन करने वाले छात्रों की सोशल मीडिया गतिविधियों की गहन जांच तेज की जाएगी। इस फैसले से भारत समेत तमाम देशों के छात्रों की अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पढ़ाई के सपने को आंच आ सकती है। अमेरिका सरकार इसके माध्यम से उन छात्रों के आवेदन को खारिज करने की तैयारी में है जिनके सोशल मीडिया अकाउंट में ट्रंप या अमेरिका की नीतियों की आलोचना की सामग्री होगी। जाहिर है ऐसे छात्रों को अमेरिका के विश्वविद्यालयों में दाखिला नहीं दिया जाएगा। एक अनुमान के मुताबिक साल 2023–24 में करीब तीन लाख से अधिक भारतीय छात्र अध्ययनरत थे। अपने सपनों को पूरा करने के लिये हजारों भारतीय प्रतिभाएं हर साल अमेरिका का रुख करती हैं। अमेरिका के इस फैसले से उन छात्रों को दिक्कत होगी जो इस साल अगस्त से शुरू होने वाले सत्र का हिस्सा बनना चाह रहे थे। दरअसल, अमेरिका सरकार द्वारा अपने दूतावासों को कहा गया है कि वीजा के लिये पेश किए गए नये आवेदनों को रोक दें। उन पर सोशल मीडिया खातों की जांच के बाद ही कोई निर्णय लिया जा सकेगा। यहां उल्लेखनीय है कि ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पहले से पढ़ रहे सैकड़ों छात्रों के वीजा इस आरोप के बाद निरस्त कर दिए कि उन्होंने इस्राइल विरोधी आंदोलन में शिरकत की थी। इनमें वे छात्र भी शामिल थे जिन्होंने अपने सोशल मीडिया अकांउट पर फलस्तीनियों के पक्ष में पोस्ट डाली थी। सरकार की दलील थी कि इन छात्रों को पढ़ाई के लिये वीजा मिला था न कि राजनीतिक मुद्दों में सक्रियता के लिये। उल्लेखनीय है कि कई भारतीय छात्र भी इस फैसले की चपेट में आए हैं। इसके चलते ही अमेरिकी दूतावासों को वीजा आवेदन करने वालों के सोशल अकाउंट की स्क्रीनिंग के आदेश दिए गए हैं। जांच के बाद छात्रों की गतिविधियों में अमेरिकी नीतियों का विरोध न होने पर वीजा दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस स्क्रीनिंग में इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स, लिंक्डइन, टिकटॉक आदि सोशल मीडिया अकाउंट को शामिल किया गया है।

# लोकतंत्र की राह में शरीफ-सेना गठजोड़ का रोड़ा

पुष्परंजन

इमरान खान, अभी भी पाकिस्तान में सलाखों के पीछे हैं। कब बाहर आएंगे? कहना कठिन है। उनके कई समर्थक मानते हैं कि इमरान पर राजनीति प्रेरित आरोप लगाए गए हैं। उन्हें जनवरी, 2025 में 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी, जिसके कारण उन्हें सुलह वार्ता छोड़नी पड़ी थी, जो वह और उनकी पाकिस्तान तहरीक– ए–इंसाफ पार्टी (पीटीआई) उस समय सरकार के साथ कर रही थी। शाहबाज शरीफ के फंदे युद्ध के बाद मजबूत हुए हैं। सेना से हुई डील ने शहबाज शरीफ की कुर्सी मजबूत कर दी, यह पाकिस्तान में विपक्ष के लिए चिंता का सबब है। अप्रैल, 2022 में संसदीय विश्वास मत में इमरान खान को पद से हटा दिया गया था और उसके बाद अगस्त, 2023 में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी उनके खिलाफ कई मामलों की जांच कर रहे हैं, जिनमें भ्रष्टाचार, सत्ता का दुरुपयोग और राज्य के खिलाफ हिंसा भड़काने के आरोप शामिल हैं। पीटीआई का दावा है कि खान के खिलाफ सभी मामले राजनीति से प्रेरित हैं। इमरान खान ने खुद सैन्य नेताओं पर 'विदेशी साजिश' के बूते पद से हटाने का आरोप लगाया था। उन्होंने पाकिस्तान के शक्तिशाली जनरलों की खुलकर आलोचना की थी। खान के उस बयान पर सेना के टॉप ब्रास भड़के हुए थे। हालांकि, सेना के जनरल राजनीति में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हैं। यों, शाहबाज शरीफ ने जिस बेशर्मी से सैनिक कार्रवाई की राजनीति अपने देश में शुरू की है, उसमें सेना के जनरलों की भी हामी है। जनता के बीच शहबाज और जनरल असीम मुनीर की जो छवि बनाई जा रही है, उसके अनुसार, 'पाकिस्तान की सेना ने भारत के मिसाइल और ड्रोन हमलों का पुरजोर जवाब दिया है।' एक फर्जी सर्वेक्षण 'गैलप पाकिस्तान' द्वारा किया गया,



जिसमें बताया गया कि संघर्ष के बाद, 93 फीसद उत्तरदाताओं का सेना के प्रति अधिक अनुकूल दृष्टिकोण रहा है। संक्षिप्त संघर्ष ने शहबाज शरीफ की सरकार को पाकिस्तान की सेना के प्रमुख और इमरान खान के कथित प्रतिद्वंद्वी जनरल आसीम मुनीर को पदोन्नत करने के लिए भी प्रेरित किया। मुनीर को 'रणनीतिक प्रतिभा और साहसी नेतृत्व' के एवज में फील्ड मार्शल नामित किया गया, जिसकी पटकथा पहले से लिख दी गई थी। मशहूर पाकिस्तानी पत्रकार नजम सेठी बताते हैं, 'खान का अल्पकालिक भविष्य अंधकारमय है। सैन्य नेतृत्व उन्हें ऐसी कोई व्यवस्था देने के लिए प्रेरित या बाध्य नहीं है, जो उनके सत्ता में लौटने का मार्ग प्रशस्त करे।' इसके बरअक्स, पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के नेता शेख वकास अकरम बोलते हैं, 'इमरान खान का भविष्य, किसी भी संदेह से परे, उज्ज्वल है। पाकिस्तान के 24 करोड़ लोगों को पाकिस्तान को बहुआयामी संकट से बाहर निकालने की नीतियों पर अपना अटूट विश्वास, और भरोसा है।' लेकिन क्या इमरान खान को इस मुसीबत से बाहर निकालने के वास्ते बैक डोर चौनल से कोई बातचीत भी हो रही है? खान ने सरकार और सेना के साथ ऐसी किसी बातचीत से इनकार किया है। पिछले हफ्ते इमरान खान ने एक ऑनलाइन पोस्ट में इस बात से इनकार किया कि ऐसी किसी बातचीत के लिए उनसे संपर्क किया गया था। खान ने बातचीत की खबरों को 'पूरी तरह से झूठा' बताया। राजनीतिक टिप्पणीकार, आस्मा शिराजी के अनुसार, 'खान का भविष्य मुख्यतः उनके अपने व्यवहार पर निर्भर करता है।' आस्मा शिराजी ने कहा, 'खान वर्तमान में अपनी रिहाई के लिए बातचीत करने की स्थिति में नहीं हैं, जैसा कि वे महीनों पहले थे।' लेकिन, इमरान खान की पार्टी, 'पीटीआई' में सूचना सचिव के रूप में काम करने वाले अकरम सॉफ्ट रुख अख्तियार करते हुए बताते हैं कि पाकिस्तान के सशस्त्र बल संविधान के तहत गैर–पक्षपाती और गैर–राजनीतिक हैं। इस बयान से यही अंदाजा लगाया जा सकता है कि पीटीआई बैकफुट पर चल रही है। उनके समर्थक सत्ता प्रतिष्ठान द्वारा दमन के डर से सड़कों पर सार्थक विरोध प्रदर्शन शुरू करने और उसे जारी रखने में असमर्थ दिख रहे हैं। पीटीआई पार्टी में सूचना सचिव अकरम के अनुसार, 'भारत के साथ हाल ही में हुए संघर्ष के बाद सेना की लोकप्रियता को चेयरमैन इमरान खान की अवैध कैद से रिहाई को जोड़ना, हमारे विचार से तालमेल नहीं रखता है।' दरअसल, पीटीआई इस समय नेतृत्व संकट का सामना कर रही है। पूर्व प्रधानमंत्री के जेल में होने के कारण पीटीआई के भीतर दरारें तेजी से दिखाई देने लगी हैं। पार्टी के भीतर गुट बना चुके नेता, परस्पर विरोधी एजेंडे पर काम कर रहे हैं। कई रिपोर्टों में पीटीआई के शीर्ष नेताओं, जिनमें असद कैसर, शिबली फराज, उमर अयूब, गौहर अली और शेर अफजल शामिल हैं, के बीच मतभेदों को उजागर किया गया है। पीटीआई के भीतर एक करिश्माई और मुखर व्यक्ति शेर अफजल ने पार्टी नेतृत्व की नीतियों पर अपनी आपत्ति दर्ज की है। पीटीआई के मुखर नेता शेर अफजल मारवात एक अलग गुट के साथ अपनी ताकत का खम ठोक रहे हैं। पीटीआई जिस तरह अंदरूनी विवाद की शिकार है, उसमें कहीं न कहीं पीएम शहबाज शरीफ के राजनीतिक स्लीपर सेल की भूमिका है। 25 से 30 मई तक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ तुर्की, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान के दौरे पर हैं। यह दिलचस्प है कि शहबाज शरीफ चार ऐसे प्रमुख इस्लामी देशों से संपर्क कर रहे हैं, जो गैर–अरब देश भी हैं। तुर्की नाटो का सदस्य है, जबकि ईरान खुद को एक पश्चिमी विरोधी देश के रूप में पेश करता है। डोलमाबाचे पैलेस में शहबाज शरीफ और एर्दोआन की मुलाकात पर तुर्की के दैनिक सबा ने कहा, 'बातचीत दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर केंद्रित थी।' यह दिलचस्प है, दोनों नेताओं ने 'आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई' पर भी चर्चा की, हालांकि जब वे 'आतंकवाद' कहते हैं तो उनका मतलब कुछ और होता है। अंकारा, 'कुर्दिश पीकेके' को 'आतंकवादी' बताता है, हालांकि वह समूह अब भंग हो चुका है। इस्लामाबाद, बलूच अलगाववादियों के प्रयासों को 'आतंकवाद' के नुक्ते–नजर से देखता है। तुर्की की यात्रा के बाद, पाकिस्तानी नेता ईरान गए। ईरान में शहबाज शरीफ का स्वागत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने किया। यह प्रतीकात्मक बैठक थी, जिसमें ईरानी राष्ट्रपति ने भाग लिया। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, अजरबैजान और ताजिकिस्तान भी जायेंगे। ईरान के पास ताजिकिस्तान में एक ड्रोन फैक्टरी है, जो उसके सेंट्रल एशिया तक विस्तारित पहुंच वाली मंशा को दर्शाता है। क्या भारत को अपनी रणनीति में कुछ बदलाव करना चाहिए?

# जनता–संविधान के प्रति ही जवाबदेह रहे पुलिस

हेमंत

वर्दी वाले जब किसी को सैल्यूट करते हैं, तो उसका आशय होता है सम्मान, आदर और शिष्टाचार। खासकर सैन्य और पुलिस जैसी संगठित संरचनाओं में सैल्यूट किसी के प्रति सम्मान व्यक्त करने या औपचारिकता का एक शिष्ट तरीका माना जाता है। वास्तव में यह औपचारिक अभिनंदन है, जो शिष्टाचार का पालन करने का संकेत देता है। सैल्यूट अनुशासन और आदेशों के पालन का भी प्रतीक है। यह प्रसंग इसलिए सामने आया कि मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक ने अपने मातहत पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रदेश के सभी विधायकों और सांसदों का सैल्यूट से अभिवादन किया जाए। जबकि, अभी तक ऐसा विशिष्ट सम्मान मुख्यमंत्री और मंत्रियों को ही दिया जाता था। लेकिन, अब सांसद और विधायक भी इस सम्मान के काबिल माने जाएंगे। पुलिस महानिदेशक के निर्देशों के मुताबिक, किसी भी जनप्रतिनिधि के साथ शिष्ट व्यवहार में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। अगर कोई सांसद या विधायक उनसे मिलने आए, तो पुलिस अफसर प्राथमिकता के आधार पर मुलाकात कर उसका निराकरण करें। साथ ही जब किसी समस्या को लेकर सांसद या विधायक फोन करें, तो उनकी बात प्राथमिकता से सुनी जाए और उचित समाधान भी करना होगा। सांसदों और विधायकों के सम्मान को लेकर जारी निर्देश में आठ अलग–अलग परिपत्रों का भी जिक्र किया गया। जारी किए गए निर्देशों में लिखा गया कि सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रमों या किसी भी सामान्य समारोह में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी वर्दी में सांसदों और विधायकों को सलामी देंगे। साथ ही अधिकारी सांसदों और विधायकों के पत्रों का समय पर जवाब भी दें। जवाब वाले पत्रों पर अधिकारियों के हस्ताक्षर होने चाहिए। जब भी कोई सांसद या विधायक किसी कार्यालय में आए, तो अधिकारी को सर्वोच्च प्राथमिकता के तौर पर सांसदों और विधायकों से मिलना चाहिए। पुलिस महानिदेशक का यह आदेश ऐसी कई अप्रासंगिक बातें दर्शाता है, जो लोकतंत्र की मान्यताओं से मेल नहीं खाती। क्योंकि, इस निर्देश के सामने सरकार और जनप्रतिनिधि के बीच का फर्क खत्म हो जाता है। वास्तव में जन प्रतिनिधि को जनता ने अपने प्रतिनिधि के तौर पर चुना है, वो सरकार नहीं है। जबकि, पुलिस प्रशासन का हिस्सा है, जिसे जबरन झुकने के लिए मजबूर किया जा रहा है। कहा गया कि यह आदेश मुख्यमंत्री से मिले निर्देश के बाद जारी किया गया। दरअसल, पुलिस अधिकारियों और विधायकों के बीच कुछ समय से तनातनी की खबरें सामने आ रही थीं। कटनी विधायक संदीप जायसवाल और एसपी अभिजीत राजन के बीच कहासुनी हुई। पिछोर से विधायक प्रीतम लोधी और मऊगंज से विधायक प्रदीप पटेल ने लगातार पुलिस के अधिकारियों की घेराबंदी की। विधायक प्रीतम लोधी ने पिछोर के एसपी पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने का घेराव किया और एसपी से उनकी तीखी बहस भी हुई। मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल अपनी सुनवाई नहीं होने के चलते खुद ही थाने में गिरफ्तारी देने पहुंच गए थे। उन्होंने कहा कि अगला नंबर मेरा ही था, तो मैं गिरफ्तारी देने आ गया। नर्मदापुरम के विधायक सीताशरण शर्मा ने भी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। इसी तरह पिछोर विधायक प्रीतम लोधी का शिवपुरी एसपी अमन सिंह राठौर से विवाद चल रहा है। पुलिसकर्मियों को लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से खासी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इसके बाद से ही शिष्टाचार संबंधी मुद्दा जोर पकड़ने लगा था।

# .......... विविध ..........

## रोज सुबह पी लो ये जूस, बीमारियां रहेंगी दूर और चेहरे पर आएगा निखार



सर्दियों के मौसम में गाजर और चुकंदर का सेवन बहुत लाभदायक माना जाता है। अधिकतर लोग इसे सलाद, सूप या सब्जी के रूप में खाते हैं, लेकिन गाजर और चुकंदर का जूस पीना भी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह जूस पोषक तत्वों से भरपूर होता है और कई बीमारियों से बचाव करने में सहायक होता है। लेकिन इसका सेवन सही समय और सही तरीके से करना जरूरी है। आइए जानते हैं कि इसे कब और कैसे पीना चाहिए और इसके क्या–क्या फायदे हैं।

गाजर और चुकंदर का जूस पीने के फायदे

इम्यूनिटी को बढ़ाए

गाजर और चुकंदर के जूस में विटामिन–सी और एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। इसका नियमित सेवन सर्दी–खांसी और अन्य संक्रमण से बचाने में सहायक हो सकता है।

पाचन तंत्र को करे मजबूत

इस जूस में भरपूर मात्रा में फाइबर मौजूद होता है, जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने में मदद करता है। यह कब्ज, गैस और अपच जैसी समस्याओं को कम करने में सहायक हो सकता है।

वजन घटाने में मददगार

अगर आप वजन घटाना चाहते हैं तो गाजर और चुकंदर का जूस आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। इसमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जिससे पेट अधिक समय तक भरा रहता है और भूख कम लगती है।

हृदय को रखे स्वस्थ

यह जूस दिल की सेहत के लिए भी लाभदायक है। इसमें मौजूद नाइट्रेट्स ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं और हृदय संबंधी बीमारियों के खतरे को कम कर सकते हैं।

शरीर को करे डिटॉक्स

गाजर और चुकंदर का जूस शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। यह विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालकर लिवर की कार्यक्षमता को बेहतर बनाता है।

गाजर और चुकंदर का जूस पीने का सही समय

वैसे तो इस जूस को दिन के किसी भी समय पिया जा सकता है, लेकिन सुबह खाली पेट इसका सेवन करने से अधिक लाभ मिलता है। सुबह इसका सेवन करने से शरीर को तुरंत पोषण मिलता है और यह दिनभर ऊर्जा बनाए रखने में सहायक होता है।

गाजर और चुकंदर का जूस कितने दिन तक पीना चाहिए?

अगर आप पूरी तरह स्वस्थ हैं तो इस जूस का सेवन रोजाना किया जा सकता है। लेकिन यदि आपको डायबिटीज, किडनी की समस्या या कोई अन्य स्वास्थ्य संबंधी परेशानी है, तो डॉक्टर से सलाह लेने के बाद ही इसका सेवन करें। अधिक मात्रा में इसका सेवन करने से कुछ लोगों को नुकसान भी हो सकता है।

गाजर और चुकंदर का जूस बनाने का तरीका

गाजर और चुकंदर का जूस बनाने के लिए आप निम्नलिखित विधि अपना सकते हैंरू

सामग्री

1 मध्यम आकार की गाजर
1 छोटा चुकंदर
आधा कप पानी (वैकल्पिक)
नींबू का रस (स्वाद अनुसार)
काला नमक (स्वाद अनुसार)

बनाने की विधि

गाजर और चुकंदर को अच्छी तरह धोकर छोटे–छोटे टुकड़ों में काट लें। इन्हें मिक्सी में डालकर अच्छी तरह ब्लेंड कर लें। जरूरत के अनुसार थोड़ा पानी मिलाकर फिर से ब्लेंड करें। इस जूस को छानकर एक गिलास में निकाल लें। इसमें थोड़ा नींबू का रस और काला नमक मिलाएं। ताजा जूस तुरंत पिएं, जिससे इसके पोषक तत्व नष्ट न हों।

सावधानियां –अत्यधिक मात्रा में सेवन करने से शरीर में शुगर का स्तर बढ़ सकता है।

कुछ लोगों को चुकंदर के जूस से एलर्जी हो सकती है,।

## इन बर्तनों में खाना शुरू कर दें, ना शुगर होगी ना दिल बीमार

बिगड़ा लाइफस्टाइल हमें कई तरह की हैल्थ समस्याएं, समय से पहले बीमारियां दे रहा है। ब्लड प्रेशर, हार्ट–लिवर की समस्या, मोटापा, शुगर ना जाने ऐसी कितनी बीमारियां जो आज कम उम्र के लोगों को भी घेरे हुए हैं लेकिन क्या कभी आपने सोचा है कि इसके पीछे की वजह आपके बर्तन भी हो सकते हैं। दरअसल,अब लोग टैक्नोलॉजी और मॉडर्न के जमाने में ऐसे बर्तनों का इस्तेमाल कर रहे हैं जो अपने साथ बीमारियों के लेकर आते हैं। नॉनस्टिक, प्लास्टिक, एल्यूमीनियम और स्टील के बर्तन ही ज्यादातर इस्तेमाल किए जाते हैं जबकि नॉनस्टिक और प्लास्टिक के बर्तन सबसे ज्यादा नुकसानदेह हैं। पुराने जमाने में लोग मिट्टी के बर्तनों का इस्तेमाल करते थे और मिट्टी के बर्तन में बनाया और खाया खाना सबसे सेहतमंद है क्योंकि मिट्टी के बर्तनों में बना खाना खाने से शरीर को वो सारे पोषक तत्व मिलते हैं और शरीर कई बीमारियों से दूर भी रहती हैं। कई स्टडी में भी ये दावा किया गया है कि मिट्टी और पत्थर से बने बर्तन में खाना पकाने के कई फायदे हैं। आयुर्वेद एक्सपर्ट की माने तो किसी मिट्टी या पत्थर के बने बर्तनों में खाना खाने से आयरन, सल्फर, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे कई पोषक तत्व अधिक मात्रा में मौजूद होते हैं। इन बर्तनों में खाना धीमी आंच पर पकाया जाता है इसलिए भोजन में मौजूद पोषक तत्व पूरी तरह से खत्म नहीं होते हैं और भी बहुत सारे फायदे हैं जो हमें मिट्टी के बर्तन में खाना खाने से मिलते हैं।

1. भोजन के पोषक तत्व नष्ट नहीं होते

मिट्टी के बर्तन धीमी आंच पर खाना पकाते हैं जिससे पोषक तत्व सुरक्षित रहते हैं।

2. अपच और गैस की समस्या से राहत

मिट्टी की प्राकृतिक तत्व पाचन में मदद करते हैं और एसिडिटी कम करते हैं जिन लोगों को अपच या हैवी एसिडिटी की प्रॉब्लम रहती है वो तो मिट्टी के बर्तन में खाना जरूर खाएं।

3. ब्लड प्रेशर कंट्रोल और दिल हैल्दी

मिट्टी के बर्तन में पका खाना शरीर को संतुलन में रखने में मदद करता है। इस बर्तन में खाना बनाने में तेल बहुत कम इस्तेमाल किया जाता है। खाना स्लो स्लो बनता है और प्राकृतिक नमी बरकरार रहती है। इस बर्तन में पका खाना खाने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहता है, जिससे दिल की बीमारी का खतरा कम



रहता है।

4. फूड का पीएच लेवल बरकरार रहता है

मिट्टी की क्षारीयता (ंसांसपदपजल) भोजन के अम्लीय प्रभाव को संतुलित करती है। मिट्टी के बर्तनों में प्राकृतिक तौर पर अल्कलाइन मौजूद होते हैं जो पीएच स्तर को संतुलित रखने में मदद करते हैं। मिट्टी के बर्तन में कम मसालों के इस्तेमाल से भी खाना स्वादिष्ट बनता है।

5. ब्लड शुगर, इन्सुलिन का लेवल रखेगा मेंटेन

डायबिटीज से परेशान लोगों को भी मिट्टी के बर्तन में बना खाना खाना चाहिए। इसमें पका खाना खाने से इन्सुलिन का उत्पादन संतुलित रहता है। इसी के साथ पोषक तत्वों से भरपूर खाना शरीर में इम्यूनिटी की मात्रा को भी बढ़ाने में मदद करता है।

मिट्टी के बने बर्तन इस्तेमाल कैसे करें

सिर्फ पानी से धोकर ही बर्तन को इस्तेमाल ना करें। नए बर्तन में सरसों का तेल लगाकर तीन चौथाई पानी भरकर रख दें। इसके बाद बर्तन को धीमी आंच पर रखकर छोड़ दें। आधे से एक घंटे के बाद उतार दें। खाना बनाने से पहले बर्तन को 20 से 25 मिनट तक डुबोकर रखें। गीले बर्तन को सुखाकर ही उसमें खाना बनाएं।

गोल्ड स्टोन से बने बर्तनों में गुड बैक्टेरिया

मिट्टी के बर्तनों के अलावा स्टोनवेयर यानि स्पेशल पत्थर के बने बर्तन भी हैल्थ के लिए बढ़िया माना जाते है क्योंकि इनमें प्राकृतिक गुण पाए जाते हैं। इनमें राजस्थान में पाए जाने वाले गोल्ड स्टोन से बने बर्तन भी काफी फेमस है। इन बर्तनों में नेचुरल और गुड बैक्टीरिया मौजूद होते हैं। ऐसा भी कहा जाता है कि इन बर्तन में दही के लिए जामन डालने की जरूरत नहीं रहती बिना जामन के ही दही जम जाती है। बस केवल बर्तन में गुनगुना दूध डालकर ढकने की जरूरत होती है और कुछ घंटों में दही अपने आप जम जाता है। वहीं इन बर्तनों में रखा खाना 57 डिग्री सेल्सियस के तापमान में भी खाना खराब नहीं होता और इस बर्तन में खाना खाने से पेट संबंधी बीमारियां नहीं होती और पानी भी ठंडा रहता है।

क्या मिट्टी के बर्तन में खाना सुरक्षित है?

मिट्टी के बर्तनों का इस्तेमाल कई संस्कृतियों में सदियों से किया जाता रहा है और इन्हें खाना पकाने के लिए सुरक्षित और स्वस्थ माना जाता है। जी हां, मिट्टी के बर्तनों में खाना पकाना आम तौर पर सुरक्षित है, अगर इसे सही तरीके से बनाया जाए और सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए।

सबसे अच्छा मिट्टी का बर्तन कौन सा है?

लाल मिट्टी से बने बर्तन, मिट्टी के बर्तनों के सबसे लोकप्रिय बर्तनों में से एक है। इसका चमकीला लाल रंग मिट्टी में मौजूद लौह तत्व के कारण होता है। लाल मिट्टी के बर्तनों का इस्तेमाल अक्सर सजावटी या कार्यात्मक मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए किया जाता है, जैसे फूलदान, टाइल और प्लेट।

# तंबाकू निषेध जागरूकता रैली का आयोजन – विभाग और प्रबंधन की संयुक्त पहल




ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। ऑरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी विभाग ने प्रबंधन के सहयोग से तंबाकू निषेध को लेकर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस रैली का शुभारंभ डॉ सीपी चौधरी , अध्यक्षय डॉ वीके शर्मा सर, सचिवय डॉ अरुण वर्मा सर, प्रिंसिपलय डॉ अरविंद सिंह सर, वाइस प्रिंसिपलय डॉ दीप्ति सिंह मैम, ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग की प्रमुख ने किया द्य इस रैली का मुख्य उद्देश्य तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करना और उन कंपनियों के खिलाफ आवाज उठाना था जो तंबाकू उत्पादों को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा दे रही हैं। रैली के दौरान छात्रों, फैकल्टी मेंबर्स और अन्य कर्मचारियों ने मिलकर पोस्टर, बैनर और नारेबाजी के जरिए जनता को यह संदेश दिया कि तंबाकू का प्रचार–प्रसार करना सामाजिक और नैतिक रूप से गलत है। इस रैली में विशेष रूप से उन कंपनियों को निशाना बनाया गया जो ब्रांड प्रमोशन या फिल्मी विज्ञापनों के माध्यम से तंबाकू उत्पादों को ग्लैमराइज कर रही हैं। विभाग के वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि तंबाकू सेवन ना सिर्फ व्यक्ति की सेहत के लिए घातक है, बल्कि इसका सामाजिक प्रभाव भी अत्यंत हानिकारक है। उन्होंने यह भी कहा कि मेडिकल स्टूडेंट्स और डॉक्टर्स का यह कर्तव्य है कि वे समाज में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दें और ऐसे अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस आयोजन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि अब समय आ गया है जब युवाओं को तंबाकू के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठानी होगी, ताकि एक स्वस्थ और जागरूक समाज का निर्माण किया जा सके।

# बयालसी कॉलेज में समर्थ पोर्टल पर 7 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर जलालपुर बयालसी पी जी कॉलेज जौनपुर में अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ तथा समर्थ नोडल अधिकारी डॉ. अनिल कुमार के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 30 मई 2025 से 5 जून 2025 तक एक सात दिवसीय कार्यशाला ष्आओ सीखे और जाने समर्थष् का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलकेश्वरी सिंह एवं डॉ. आशुतोष पांडेय की अध्यक्षता में हुआ। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के शिक्षकों एवं पदाधिकारियों को समर्थ पोर्टल पर सूचनाएँ पूर्ण रूप से भरने एवं अपलोड करने की प्रक्रिया से अवगत कराना था। इस कार्यशाला में संयोजक एवं विषय विशेषज्ञ डॉ. अनिल कुमार ने प्रतिभागियों को समर्थ पोर्टल पर विभिन्न प्रकार की सूचनाएँ दर्ज करने की विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. बृजेश कुमार मिश्रा एवं डॉ. प्रतिभा सिंह ने प्रतिभागियों को समर्थ पोर्टल से संबंधित तकनीकी समस्याओं एवं उनके समाधान की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, डॉ. अखिलेश चन्द सेठ ने प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर शंकाओं का समाधान किया। प्राचार्य डॉ. अलकेश्वरी सिंह ने कार्यशाला की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी एवं समयानुकूल बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से शैक्षणिक एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित की जा सकती है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने कार्यशाला को ज्ञानवर्धक एवं व्यवहारिक बताया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों की निरंतरता की आवश्यकता पर बल दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अयोध्या। शुक्रवार को जिला प्रोबशन अधिकारी के निर्देशन में जिला महिला चिकित्सालय में ष्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ष्योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत नवजात बच्चियों से केक कटवा कर की गई।केक के साथ



उपस्थित 24 नवजात बच्चियों को बेबी किट,फीडिंग बोतल,डायपर आदि सामान वितरित किया गया।इस कार्यक्रम में लोगों को जागरूक करते हुए बालिकाओं को बचाने जैसे कन्या भ्रूण हत्या,उनके साथ पक्षपाती व्यहार खत्म करने और उन्हें शिक्षित करने पर जोर दिया गयाद्यकार्यक्रम मे सदर विधायक के प्रतिनिधि अमल गुप्ता,जिला विकास अधिकारी महेंद्र देव पाण्डेय,जिला प्रोबशन अधिकारी अश्वनी कुमार जी एवं जिला चिकित्सालय की सीएमएस डॉक्टर विभा तथा डॉक्टर आशा राम उपस्थित रहे द्यकार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग अयोध्या से हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वुमन से वंदना तिवारी (जिला मिशन समन्वयक ), वन स्टॉप सेंटर से प्रभा मणि पाल (सेंटर मैनेजर ), प्रतिभा पाण्डेय (परामर्श दाता ), इंदु गौड़ एवं विपिन कुमार आदि कर्मचारी उपस्थित रहे द्यचाइल्ड लाइन से प्रीती तिवारी एवं सामाजिक सेवा समिति से कविता मिश्रा मौजूद रहीं ।

### हिंदी पत्रकारिता दिवस पर संगोष्ठी में उठे निष्पक्षता जिम्मेदारी और जनसरोकारों के मुद्दे

अयोध्या।शुक्रवार को हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर इंडियन काउंसिल ऑफ प्रेस के तत्वावधान में सर्किट हाउस सभागार में विचारोत्तेजक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता रूपेश श्रीवास्तव ने की,संचालन पत्रकार राजेंद्र कुमार दूबे ने किया।समापन सुबोध श्रीवास्तव द्वारा किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूचना विभाग के अधिकारी संतोष द्विवेदी रहे, जिन्होंने पत्रकारों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि ष्पत्रकार लोकतंत्र का आधार हैं और उन्हें हर स्तर पर सम्मान मिलना चाहिए।ष विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव मौजूद रहे, जिनका स्वागत रूपेश श्रीवास्तव ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।संगोष्ठी में प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि पत्रकारिता एक स्वाभिमानी पेशा है, जो पीड़ितों और वंचितों की आवाज बनती है। वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश सिंह,समीर शाही,आकाश सोनी, राघवेंद्र शुक्ला,सपा महिला जिलाध्यक्ष सरोज यादव, के.के. मिश्रा, आकाश सोनी, कुशल चंद्र मिश्रा, सूर्य नारायण सिंह,अंतरिक्ष तिवारी, आकाश गुप्ता, मनोज मिश्रा सहित कई वक्ताओं ने विचार रखे।

# 'विवेकानंद सभागार में' 'जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई उद्योग व व्यापार बंधु की बैठक'

'रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव'

'हरदोई' शासन की मंशानुरूप उद्योगपतियों व व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के क्रम में गुरुवार को विवेकानंद सभागार में



जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाये। निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का ससमय निस्तारण कराया जाये। यूपीसीडा के स्तर पर लंबित प्रकरणों को लेकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जतायी। बिलग्राम रोड पर इंडस्ट्रियल फीडर का कार्य तेजी से पूरा किया जाये। व्यापार बंधु की बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा देवी इंटर कॉलेज से शुगर मिल तक स्ट्रीट लाइट लगवाने का कार्य पूर्ण किया जाये। जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाये। आवास विकास कॉलोनी से सर्कुलर रोड तक सड़क की मरम्मत करायी जाये। शहर से अनुपयोगी जर्जर विद्युत पोल हटवाए जाएं। बैठक के अन्त में जिलाधिकारी ने सभी का आभार जताया और कहा कि वह हमेशा उद्योग व व्यापार प्रतिनिधियों की समस्याओं के निराकरण के लिए तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह, सम्बंधित अधिकारी व उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सीएफओ के काफी प्रयास पर फायर विभाग को शीघ्र मिल जायेगा अपना कार्यालय व आवास

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या।सीएफओ एमपी सिंह के काफी प्रयास के बाद पुलिस लाइन में एक वर्ष के भीतर फायर विभाग कर्मियों को खुद का चार यूनिट का कार्यालय मिल जायेगा।इसके लिए 4 करोड़ 74 लाख का धन मुख्यालय द्वारा स्वीकृत हो चुका है।इसके निर्माण कार्य के लिए कवायद भी तेजी से चल रही है। इस कार्य को आवास विकास परिषद करा रही है।जिसको लेकर इस पर अग्निशमन विभाग तेजी से कार्य करते हुई दिखाई दे रही है।जिसके चलते वहां पर उपलब्ध रहे फायर टेंडर सहित अन्य सभी वाहनों को राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में शिफ्ट किया गया है।इस बात की जानकारी देते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी एमपी सिंह ने बताया फिलहाल इस कार्यालय को पूर्ण करने की अवधि आवास विकास परिषद को 1 साल के लिए दिया गया है।बताया कि यह कार्यालय चार यूनिट की होगी। जिसमें एक सीएफओ का कक्ष, एक अग्निशमन अधिकारी का कक्ष,एक विभाग का कार्यालय,नियंत्रण कक्ष के साथ–साथ फायर विभाग के वाहनों तथा सरकारी वाहनों को खड़ी करने के लिए गैराज का भी निर्माण किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि फायर कर्मियों के रहने के लिए पर्याप्त संख्या मे अत्याधुनिक बैरक का निर्माण होगा। बताते चलें कई दशकों से पुलिस लाइन परिसर में स्थित टीम के नीचे ठंडी गर्मी तथा बरसात में फायर विभाग के कर्मी रह रहे थे। अधिक गर्मी अधिक बारिश के साथ–सा द ठंड के मौसम में उनकी समस्याओं पर किसी पूर्व मुख्य अग्निशमन अधिकारी का ध्यान नहीं गया। लेकिन इससे पहले रहे महानिदेशक फायर विभाग जब दौड़े पर आए थे तो यह दशा देखकर इसे ठीक करने का निर्णय लिया और इसके निर्माण के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए साथ ही साथ पत्राचार के लिए मुख्य अग्निशमन अधिकारी एमपी सिंह को निर्देश दिए। जिसके चलते अब कई वर्षों बाद फायर विभाग को चार यूनिट का अपना कार्यालय 1 साल के अंदर मिलने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त समाचार

### लॉक ऑफिस में प्रधान और ठेकेदार पक्ष में मारपीट

लखनऊ, (संवाददाता)। जामों का खंड विकास कार्यालय बुधवार को अखाड़ा बन गया। बरेहटी ग्रामसभा के प्रधान प्रतिनिधि और ठेकेदार पक्ष के बीच गोशाला निर्माण भुगतान को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। मारपीट उस वक्त हुई, जब खंड विकास अधिकारी अपने चौंबर में मौजूद थे। पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। बरेहटी ग्रामसभा के प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश पांडेय व उनके सहयोगी अंकित कुमार पांडेय और शाहपुर रेसी गांव निवासी ठेकेदार हनुमान प्रसाद मिश्रा व विवेक मिश्रा के बीच गोशाला निर्माण कार्य के भुगतान को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। सुबह प्रधान पक्ष के लोग बीडीओ कार्यालय पहुंचे, उसी दौरान ठेकेदार पक्ष भी वहां आ गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। करीब 10 मिनट तक खंड विकास कार्यालय परिसर में हंगामा चलता रहा, लेकिन बीडीओ विजयंत कुमार सिंह अपने चौंबर में ही बने रहे। किसी भी कर्मचारी ने बीचबचाव की कोशिश नहीं की। बाद में बीडीओ ने ही पुलिस को सूचना दी। जामों इंस्पेक्टर विनोद सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के चार लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### मो सम पुरुष न तुम सम नारी... नौटंकी ने दर्शकों को किया लोटपोट

लखनऊ, (संवाददाता)। दिवंगत रंगकर्मी और नौटंकी लेखक उर्मिल कुमार थपलियाल की लिखी नौटंकी– मो सम पुरुष न तुम सम नारी का मंचन बुधवार को संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह में हुआ। स्वांग के साथ मिश्रित शैली में पेश की गई नौटंकी ने समाज के तमाम पहलुओं को छुआ। निर्देशन सरिता यादव का रहा। उन्होंने बताया कि इस नौटंकी को पेश करने का मुख्य उद्देश्य इस विलुप्त हो रही विधा को फिर से दर्शकों के बीच लाना और इसे बचाना है। शुरुआत आरती–जय हो जय हो भरत मुनि की... से हुई। इसके बाद रंगा और छंगा नाम के सूत्रधारों ने– आवा सभी मिली खेलि दिखावहि... के जरिये लोगों को नौटंकी का पारंपरिक रूप दिखाते हुए कहानी को आगे बढ़ाया। नौटंकी में बलई नाम के एक व्यक्ति की कहानी दिखाई गई जो आलसी और कामचोर है। उसके बड़बोलेपन में एक दिन रामकली उसकी बातों में आ जाती है। इसके बाद बलई के झूठ–मूठ में मरने और श्मशान घाट में चोरों के बीच धन के बंटवारे जैसी कहानियों ने लोगों का अच्छा मनोरंजन किया और वाहवाही बटोरी। वहीं जापर जाको सत्य सनेहू, खेत जमीन बैल सब बिकिगै, बलई राम मुंहझौसा जैसे गीतों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। मंच पर धीरेंद्र, अभय, बृजेश, सरिता समेत अन्य कलाकारों ने शानदार अभिनय किया।

### मेडिकल कॉलेज में दाखिले के नाम पर 40 लाख की ठगी

लखनऊ, (संवाददाता)। विजयंत खंड–4 निवासी डॉ. गिरेंद्र मोहन शुक्ल ने विभूतिखंड थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि उनके बेटे को डीवाई पाटिल मेडिकल कॉलेज पुणे व भारतीय विद्यापीठ में पीजी में दाखिले का झांसा देकर जालसाजों ने 40 लाख रुपये ऐंठ लिए। इंस्पेक्टर सुनील कुमार के मुताबिक छानबीन की जा रही है। डॉ. गिरेंद्र के मुताबिक बेटे डॉ. प्रखर ने वर्ष 2023 में नीट पीजी की परीक्षा दी थी।

# सीएमओ के मार्गदर्शन में निशुल्क स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

अयोध्या।शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील कुमार बानियान के मार्गदर्शन में कांशीराम कालोनी में विशाल निरूशुल्क स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम मे सभी कालोनी वासियों को एक दिन पूर्व माइकिंग के द्वारा स्वास्थ्य मेले के विषय में अवगत कराया गया था।साथ ही संपूर्ण काशीराम कालोनी को सौ ब्लॉकों में विभाजित कर प्रत्येक 5 ब्लॉक पर एक टीम कुल 20 टीम बनाकर टीकाकरण कार्य कराया गया। स्वास्थ्य मेले में में 203 महिलाओं,105 पुरूषों 270 बच्चों का रजिस्ट्रेशन कर आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई गई।एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत 200 पुरुष एवं महलों को एनसीडी के अंतर्गत स्क्रीनिंग की गई जिसमें 90 शुगर मरीजों की जांच, 89 ब्लूड प्रेशर की जांच की गई एवं इससे ग्रसित मरीजों को दवा भी दिया गया। आईसीटीसी कार्यक्रम के अंतर्गत एचआईवी की जागरूकता के विषय में बताया गया। ओरल माउथ केयर में17 मरीजों की जांच की गई।प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड का शिविर लगाकर कालोनी वासियों के 61 लोगों में 45 के कार्ड बनाए गए। महिलाओं में15 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की गई।साथ में महिलाओं को कोई समस्या होने पर स्त्री रोग विशेषज्ञ से जांच कराया गया।परिवार कल्याण संबंधी कार्यक्रम के अंतर्गत 46 महिलाओं को अस्थाई साधन के रूप में कॉपर टी , अंतरा, छाया, माला एन, कंडोम को वितरित किया गया एवं स्थाई साधन में महिला नसबंदी , पुरुष नसबंदी के विषय में बताया गया साथ ही नवदंपति को शादी के बाद दो साल तक अस्थाई साधन का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।टीबी से बचाव हेतु 26 मरीजों की जांच की गई एवं जागरूक किया गया। मानसिक रोग से संभावित 11पीड़ित लोगों की जांच कर दवाई दी गई एवं जागरूक किया, कुष्ठ रोग से संबंधित 15 मरीजों की जांच कर जागरूक किया गया इसी प्रकार 22 मलेरिया से ग्रसित मरीजों की जांच की गई।इसी प्रकार 31लाभार्थियों का नेत्र परीक्षण भी किया गया एवं ओल्ड एज 5 व्यक्ति को चश्मा भी दिया गया। इसी प्रकार 0–5 वर्ष के बच्चों को हाइट एवं वेट कर कुपोषित बच्चों की जानकारी ली गई साथ ही जो बच्चे 3अति कुपोषित बच्चे को एनआर सी में भर्ती करने के लिए रेफर किया गया।आरबीसके प्रोग्राम के अंतर्गत 146 बच्चों की स्क्रीनिंग की ग टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 300 गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को टीकाकरण से आच्छादित किया गया।इस स्वास्थ्य मेले में रोट्री क्लब के मेंबर ने बच्चो को प्रोत्साहन हेतु चश्मा, सिटी एवं फ्रूटी का वितरण किया गया। इसी के साथ कोको कोला, अयोध्या ने भी फ्रूटी का वितरण किया। इस मेले में एसीएमओ डॉ पी के गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ दीपक पांडे डिप्टी सीएमओ डॉ वी पी त्रिपाठी ,डिप्टी सीएमओ डॉ राजेश चौधरी, डीएच ई आई ओ,डॉक्टर अरविंद श्रीवास्तव,डॉ गुंजन यादव, डॉ सबा, डीपीएम डीसीपीएम , डीआईसी मैनेजर, मनोज मौर्य, मो हैरिस,सतीश वर्मा, अरविंद सिंह, एएनएम ट्रेनिंग सेंटर की टयूटर एवं छात्राओं यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ , टीएसयू, जे सी आई आदि सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भाग लिया।

# ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर । कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह, में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मा0 राज्यमंत्री, (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्री गिरीश चन्द्र यादव जी द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर मल्यार्पण व दीप प्रज्जलित कर किया गया। उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा मुख्य अतिथि व जिलाधिकारी को बुके, शाल व मोमेंटो देकर सम्मनित किया गया। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र व उपायुक्त (स्वतः रोजगार) ओम प्रकाश यादव द्वारा कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारें में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में एन.आर.एल.एम. के विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 14 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेन्टों तथा मनरेगा योजना के 05, श्रम विभाग के 05 लाभार्थी को प्रशस्ति पत्र व प्राधानमंत्री आवास की 03 लाभार्थी को आवास की चाभी, वन विभाग द्वारा 300 महिलाओं को सहजन का पौधा एवं समूह की महिलाओं को रिवाल्विंग फण्ड रू0 1,14,90,000.00 (रू० एक करोड़ चौदह लाख नब्बे हजार मात्र) व



सी.आई.एफ. का रू0 4,50,00,000.00 (रू० चार करोड़ पचास लाख मात्र) का डेमो चेक मा० मंत्री जी व जिलाधिकारी द्वारा वितरित किया गया। मा० मंत्री जी द्वारा महिलाओं को सम्बोधित करते हुए महिलाओं को आजीविका मिशन के समूहों से अधिक से अधिक जुड़कर सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनकर स्वावलंबी बनने हुत प्रेरित किया। बी०सी० सखी, विद्युत सखी, आजीविका सखी, बैंक सखियां बहुत अच्छा कार्य कर रही है जिनसे उन्हें अच्छी आय प्राप्त हो रही है जो उनके आजीविका का आधार है। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र द्वारा समूह की महिलाओं को पी. एम. जे. जे.वाई, पी.एम.एस.बी.वाई आदि बीमा स्कीम स्कीमों के बारे में जानकारी देते हुए महिलाओं को बीमा कराने हेतु प्रेषित किया गया। ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक मोबलाइजेशन में एन.आर.एल.एम. का योगदान उल्लेखनीय है।

# यूपी में उमस भरी चिपचिपी गर्मी ने किया बेहाल, बदलेगा मौसम

लखनऊ, (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश में बृहस्पतिवार से पूरब से पश्चिम तक गरज चमक के साथ बूंदाबादी के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक इस दौरान इन जगहों पर 40 से 50 किमी प्रति घंटे की तेज रफ्तार हवाएं भी चलेंगी। बूंदाबांदी से तात्कालिक तौर पर पारे में हल्की गिरावट आएगी और उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। बृहस्पतिवार के लिए प्रदेश के पूर्वी और तराई इलाकों के 60 जिलों में तेज हवाएं चलने और गरज– चमक के साथ बूंदाबादी की चेतावनी जारी की गई है। बुधवार को प्रदेश में पूरब से पश्चिम तक कहीं भी लू जैसी परिस्थितियां नहीं रहीं, लेकिन उमस भरी चिपचिपी गर्मी ने लोगों को बेहाल किया। पूर्वा हवा में नमी की मौजूदगी से आभासी गर्मी, वास्तविक गर्मी से ज्यादा महसूस किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने



बताया कि 29 मई से प्रदेश में दो–तीन दिनों के लिए बूंदाबांदी और हवाओं की तीव्रता और क्षेत्रफल में विस्तार देखने को मिलेगा। मानसून में सामान्य से ज्यादा होगी बरसात भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने जानकारी दी है कि इस मानसून में जून से सितंबर के दौरान चार माह में पूर्वी यूपी में सामान्य से 10 प्रतिशत और पश्चिमी यूपी में सामान्य से 12 प्रतिशत अधिक बारिश की संभावना है। जून माह में देश भर में सामान्य से 8 प्रतिशत अधिक बारिश होगी। इस दौरान प्रदेश मेंऔसत तापमान के साथ ही लू की परिस्थितियों के भी सामान्य से कम रहने का पूर्वानुमान जारी किया गया है।

# शासन का बड़ा फैसला, अब रामपथ और 14 कोसी मार्ग पर नहीं बिकेगा नॉनवेज, सीएम योगी ने दिए थे निर्देश

लखनऊ, (संवाददाता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अब रामपथ, धर्मपथ, भक्तिपथ, 14 कोसी परिक्रमा मार्ग और पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर अब नॉनवेज नहीं बिकेगा। सहायक आयुक्त खाद्य मानिक चंद सिंह बुधवार शाम टीम के साथ राम मंदिर से जुड़े इन सभी पथ और मार्गों के भ्रमण पर निकले। अयोध्या कैंट के सहादतगंज से अयोध्या धाम के लता मंगेशकर चौक तक 13 किमी लंबे रामपथ का निरीक्षण किया। इस दौरान नॉनवेज बेचने वाले दुकान मालिकों को सख्त हिदायत दी। सभी नॉनवेज बेचने वाले दुकानदारों से कहा गया कि सात दिन के अंदर अपनी दुकानें बंद कर दें। सात दिन के अंदर दुकान नहीं बंद हुई तो नगर निगम का प्रवर्तन दल की ओर से कार्रवाई होगी। बताया कि दुकानों में सामान होने की वजह से मानवतावश दुकानदारों को समय दिया गया है। सीएम पोर्टल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में श्रीराम जन्मभूमि से जुड़े इन पथों और मार्गों पर नॉनवेज बेचने की शिकायत हुई थी। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी की पहल पर नगर निगम भी इस संबंध में प्रस्ताव पारित कर चुका है। राम जन्मभूमि परिसर के देवालयों में प्राण प्रतिष्ठा के बाद रोजाना पूजन–अर्चन का क्रम शुरू हो जाएगा, लेकिन जनता दर्शन कब से होगा यह विचाराधीन है। परिसर के देवालयों में श्रद्धालुओं को दर्शन–पूजन की अनुमति अभी नहीं दी जाएगी। वहीं यह तय है कि राम मंदिर के प्रथम तल पर विराजमान होने जा रहे राम दरबार के दर्शन के लिए सीमित संख्या में श्रद्धालु जा सकेंगे। प्राण प्रतिष्ठा के बाद देवालयों में पूजन के लिए 14 पुजारियों की और नियुक्ति की जा रही है। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि पहले हमारी योजना थी कि पांच जून को प्राण प्रतिष्ठा के बाद देवालयों को दर्शन के लिए खोल दिया जाएगा, लेकिन अभी ऐसा करना संभव नहीं है। इन मंदिरों में दर्शन–पूजन की सुविधा के लिए श्रद्धालुओं को अभी इंतजार करना पड़ेगा। परकोटा के चारों कोनों को आपस में जोड़ने का काम अभी बाकी है। परकोटा के कोर्टयार्ड में अभी पत्थरों का मलबा पड़ा है, इसे भी हटाने का काम बाकी है। वहीं राम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित है। राम दरबार के दर्शन के लिए सीमित संख्या में लोगों के जाने की व्यवस्था की जाएगी।

## भारतीय स्टेट बैंक, "महिला क्लब" ने सामुदायिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। भारतीय स्टेट बैंक, "महिला क्लब", लखनऊ मण्डल द्वारा मातृ–पितृ सदन वृद्धाश्रम, बाराबंकी मे सामुदायिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मातृ–पितृ सदन वृद्धाश्रम में 105 वृद्धजनों को



निःशुल्क आवास, भोजन, कपड़े, स्वास्थ्य जाँच एवं उपचार उपलब्ध कराया जाता है। "महिला क्लब" की अध्यक्षा, श्रीमती ऋतुपर्णा दे द्वारा मातृ–पितृ सदन वृद्धाश्रम के वृद्धजनों के उपयोग हेतु बेडशीट, गर्मी से बचने के लिए कूलर, कपड़ों को साफ करने के लिए वॉशिंग मशीन एवं साफ पीने के पानी के लिए आर. ओ. मशीन व खाने–पीने की वस्तुएँ भेंट की गईं। मातृ–पितृ सदन वृद्धाश्रम के प्रबन्धक श्री कमलेश कुमार ने एसबीआई "महिला क्लब" का इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। वृद्धाश्रम के वृद्धजनों ने भी क्लब के सदस्यों का उत्साह के साथ स्वागत किया और क्लब द्वारा प्रदान की जा रही सामग्री देख कर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर एसबीआई "महिला क्लब" और मातृ–पितृ सदन वृद्धाश्रम के भी अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## कृषि वैज्ञानिकों द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ'

ब्यूरो चीफ आलोक कुमार श्रीवास्तव

सुलतानपुर। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र द्वितीय बरासिन के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ आज कुड़वार विकासखण्ड के तीन ग्राम पंचायत बचनपुर, सरकौड़ा एवं बहुबरा में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ वी पी सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत की डॉ सिंह ने अपने उदबोधन में किसानों को खरीफ में लगाई जाने वाली फसलों धान एवं उरद को लगाने की वैज्ञानिक विधि के बारे में विस्तार से चर्चा की एवं समय से धान की नर्सरी डालने एवं साथ ही साथ ढैचा या सनई लगा कर ग्रीन मैन्योरिंग पे जोर देने की सलाह दी। पशु चिकित्सा वैज्ञानिक डॉ गौरव पाण्डेय ने अपने संबोधन में पशुपालकों को मुर्गी एवं पशुओं को हीट स्ट्रोक से बचाने की सलाह दी, बरसात के पूर्व फैलाने वाली बीमारियों जैसे खुर पका मुंह पका, गला घोंटू, लंगड़ी बुखार आदि का टीकाकरण समय पे कराने एवं गर्मियों में पशुओं का आहार एवं स्वास्थ प्रबंधन की सलाह दी। पौध रोग सुरक्षा वैज्ञानिक डॉ हिमांशु शेखर सिंह ने धान की नर्सरी डालने से पूर्व बीजों का बीजोपचार करने एवं धान में होने



वाले प्रमुख रोग एवं खरपतवार नाशी दवाइयों के बारे में किसानों को जागरूक किया। विकसित कृषि संकल्प अभियान माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान के दिशा निर्देशन में संपूर्ण भारत में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीयों द्वारा 29 मई से 12 जून तक किसानों की जागरूकता हेतु आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम में कृषि विभाग के जिला कृषि रक्षा अधिकारी दीप चंद्र चौरसिया, अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी तारेश्वर तिवारी, ए डी ओ कृषि कृष्ण भवन यादव, टी ए बी मोहम्मद शाहिद, बी टी एम बृजेश यादव, ए टी एम योगेश कुमार, फसल बीमा से सौरभ कुमार एवं कृषक मौजूद आदि उपस्थित रहे।

## प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है योग– विशेष सचिव

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर।मुख्यमंत्रीजी द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में जनपद के आकांक्षात्मक विकास खण्डों में परिलक्षित परिवर्तनों का भौतिक निरीक्षण किया जा रहा है, जिसके क्रम में शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी विशेष सचिव आयुष विभाग श्री हरिकेश चौरसिया द्वारा जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की उपस्थिति में आकांक्षात्मक ब्लॉक रामपुर की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। विशेष सचिव द्वारा आकांक्षात्मक विकासखंड से संबंधित विषयगत क्षेत्रों से संबंधित संकेतको के संबंध में खंड विकास अधिकारी, एमओआईसी, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत संरचना तथा वित्तीय समावेशन से संबंधित संकेतको की अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। विशेष सचिव द्वारा अति कुपोषित, अल्प कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन, गर्भवती महिलाओं की एएनसी, संस्थागत प्रसव, टीबी कार्यक्रम, डायबिटीज स्क्रीनिंग, गोल्डन कार्ड के वितरण, आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रगति, आदि की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कहा गया कि रामपुर ब्लॉक में जितने भी अति कुपोषित बच्चे हैं उन्हें एनआरसी में भेजा जाए, 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए तथा छूटे हुए सभी पात्र लोगों का भी आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। पोषण ट्रैकर पर त्रुटिरहित फीडिंग कराई



जाए। उप निदेशक कृषि से उन्होंने मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फार्मर रजिस्ट्री, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों, एफपीओ सहित अन्य विषयों पर जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि मृदा की टेस्टिंग कराई जाए, कैंप लगाकर किसानों को जागरूक किया जाए। जल जीवन मिशन के हर घर जल योजना अंतर्गत क्रियाशील कनेक्शन, लक्ष्य के सापेक्ष दिए गए कनेक्शन, जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत चल रही परियोजनाओ की प्रगति आदि की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया गया कि कार्य होने के दौरान सड़कों का रेस्टोरेशन भी होना चाहिए। बेसिक शिक्षा अधिकारी से प्राथमिक विद्यालय में पीटीआर, छात्र शिक्षक अनुपात, पेयजल व्यवस्था आदि की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में कायाकल्प होना चाहिए तथा शौचालय क्रियाशील रहने चाहिए। जिला पंचायत राज अधिकारी से स्वच्छ भारत मिशन, व्यक्तिगत शौचालय फेस 2, स्वच्छ पेयजल आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि पुराने पंचायत भवनों का जीर्णोद्धार कराया जाए तथा नए पंचायत भवनों में विद्युतीकरण होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी संकेतक एक दूसरे से जुड़े हुए हैं, इसलिए सभी विभाग एक दूसरे के साथ समन्वय करते हुए कार्य करें। विशेष सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि इस वर्ष 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाना है, जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बैठक में योग ब्रेक सेशन पर आधारित एक वीडियो भी दिखाया गया तथा सभी उपस्थित अधिकारी कर्मचारीगण द्वारा योग भी किया गया। विशेष सचिव ने कहा कि हम यहां बैठे–बैठे भी योग कर सकते है, आज की व्यस्त जीवनशैली में यह हमें मानसिक तनाव से दूर रखती है। हम सभी को योग अपनी नियमित जीवनशैली में आत्मसात करना चाहिए।

## चाय कु दुकान पर लाश मिलने से मची सनसनी

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर जफराबाद थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के क्रासिंग के पास स्थित चाय की दुकान पर शुक्रवार को एक 55 वर्षीय अधेड़ की लाश मिंलने से सनसनी मचा गयी।लाश की सूचना पर स्थानीय लोगों में हड़कम्प मच गया।घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया। चौकी प्रभारी मनोज कुमार राय ने बताया कि मृतक पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जनपद के नुतननगर का निवासी शेर खान पुत्र मोसू खान है।उसके पास से मिले कागजात से उसके घर सूचना भेजी गयी।मृतक दिल्ली में मजदूरी करता था।वह वहां ट्रेन से अपने घर मुर्शिदाबाद जा रहा था।वह जफराबाद स्टेशन पर आकर उतर गया।सम्भवत उसकी तबियत खराब थी।परिजनों को सूचना दे दी गयी है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद घटना की वास्तविक जानकारी हो पाएगी।

## 7 वर्षीय लड़की के साथ अश्लील हरकत के मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर रही जांच

अयोध्या।कोतवाली नगर क्षेत्र मे 07 साल की लड़की के साथ गैर समुदाय के लड़के द्वारा की गई अश्लील हरकत मामला सामने आया है।इस संबंध में कोतवाली नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी हुई है।मालूम हो कि कोतवाली नगर क्षेत्र के मोदहा दक्षिणी मे सात लड़की के पिता की उलाहना पर गैर समुदाय लड़के के परिवार वालों ने कहा कि लड़की का धर्मांतरण करा देगे।जिसके चलते लड़की के पिता ने 112 पर फोन किया।इस मामले मे रात भर घटनास्थल से लेकर कोतवाली नगर तक पुलिस मामला सुलझाने मे जुटी रहे। चलती रही दोनों पक्ष में रस्साकसी चल रही है।पुलिस ने मुख्य आरोपी मोहम्मद हमदान सहित 6 नामजद व तीन चार अज्ञात महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।मामला कोतवाली नगर के मोदहा दक्षिणी से जुडा है। इस संबंध में सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले मे मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्यवाही करने में जुटी है।

## योगी सरकार में दलितों व पिछड़ों के साथ हो रहा है अन्यान्य : लालबिहारी

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर जफराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते रविवार को नेवादा गांव में पिता व दो पुत्रो की निर्मम हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतकों के परिवार से सपा प्रतिनिधि मंडल नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद लाल बिहारी यादव तथा अन्य समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेता मिलकर घटना के संबंध में जानकारी लिया। पीड़ित परिवार को न्याय के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। नेता प्रतिपक्ष ने मृतक लाल जी की पत्नी प्रभावती देवी व बहू सरिता से घटना के संबंध में जानकारी लिया। मौके पर मौजूद थाना प्रभारी मनोज राय से घटना के संबंध में अभी तक अपराधियों के धड़ पकड़ की जानकारी लिया। पत्रकारों से वार्ता के दौरान लाल बिहारी ने कहा कि योगी सरकार



में अनुसूचित तथा पिछड़ी जाति के लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। जीरो टॉलरेंस की नीति योगी सरकार की पूरी तरह से फेल साबित हो रही है। इस सरकार में अपराध चरम पर है। सरकार अपराध को रोकने का सिर्फ दिखावा कर रही है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष इस परिवार को न्याय दिलाने के लिए सदन में मुद्दा उठाएगी। न्याय के लिए सदन में अगर हंगामा करना हुआ तो हंगामा किया जाएगा। इस परिवार के एक सदस्य को नौकरी तथा मृतकों के के परिवार को एक–एक करोड रुपए सरकार को देना चाहिए। यह मांग नेता प्रतिपक्ष सदन में करेगा। इस दौरान सपा सांसद बाबू सिंह कुशवाहा, एमएलसी आशुतोष सिंह, जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधनाथ पाल, जफराबाद विधानसभा अध्यक्ष नंदलाल यादव, राजेंद्र टाइगर, उमाशंकर पाठक, जवाहरलाल यादव, मेवा यादव, मुन्ना यादव, तौफीक अहमद, आरिफ हबीब, ऋषि यादव, राहुल त्रिपाठी सहित दर्जनों समाजवादी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सामाजिक जीवन में यदि आगे बढ़ना है तो सर्व समावेशी और बड़ा हृदय रखना होगा : अचिन मेहरोत्रा



हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) अहिल्याबाई होल्कर की षत्रिशताब्दी स्मृति अभियानष कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के श्रीश चंद्र बारात घर में महिला सम्मेलन का आयोजन हुआ। सीतापुर के पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने सम्मेलन में कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने समाज में व्याप्त बुराइयों को समाप्त करने की दिशा में जनसहभागिता के साथ काम किया तथा महिला उत्थान की दिशा में निर्णायक फैसले लिए, जो कि आज के समय में हमारे लिए प्रेरणा है। कहा कि अहिल्याबाई होलकर प्रेरणाश्रोत है, उनके जीवन को आत्मसात करते हुए अपने व्यवहार में संयम और सरलता का भाव लाना होगा। सामाजिक जीवन में यदि आगे बढ़ना है तो सर्व समावेशी और बड़ा हृदय रखना होगा। तभी हम समाज की सच्चे अर्थों में सेवा कर पाएंगे। बताया कि अहिल्याबाई एक साहसिक के रूप में जितनी प्रसिद्ध थी उतनी ही धार्मिक कार्यों में लिप्त रहकर संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य करती थी। बद्रीनाथ, केदारनाथ, काशी विश्वनाथ आदि तमाम धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार एवं मंदिरों के निर्माण में अहिल्याबाई होल्कर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कहा कि महिलाओं के लिए अहिल्याबाई एक सशक्त प्रेरणा श्रोत है। गृहस्थ से लेकर नीति निर्धारण तक उनका कोई सानी नहीं था। कहा कि भाजपा सरकार में देश में पुनः ऐसा वातावरण बना है जहां महिलाओं के आगे बढ़ने के लिए कल्याणकारी योजनाएं सृजित की जा रही है। पीएम मोदी का विजन है कि भारत शक्ति को पूजता है। महिलाएं जब तक सशक्त सक्षम और स्वावलंबी नहीं होंगी तब तक भारत के विकास में गति नहीं आएगी। इसीलिए भाजपा की सरकार और संगठन में महिलाओं की हिस्सेदारी निरंतर बढ़ती जा रही है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अलका गुप्ता ने कहा कि संसार में कुछ ऐसी विभूतियां भी जन्मी हैं जो अवतारी तो नहीं थीं लेकिन उनका व्यक्तित्व और कृतित्व अवतारी शक्तियों के समतुल्य रहा। इंदौर की महारानी देवि अहिल्याबाई का व्यक्तित्व ऐसा ही था। उनका सादगीपूर्ण जीवन, धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के लिये समर्पण जीवन, उनके द्वारा किये गये जन कल्याणकारी कार्य, विशेषकर किसानों और महिलाओं के हित में लिये गये उनके निर्णयों ने उनकी ओर पूरे भारत के शासकों का ध्यान आकर्षित किया। यह उनके व्यक्तित्व की विशेषता ही है कि आज लगभग तीन सौ वर्ष बीत जाने के बाद भी वे जन सामान्य में सम्मान और श्रृद्धा का केन्द्र हैं। कहा कि भारत के प्रत्येक भाग और प्रत्येक समाज वर्ग के व्यक्ति के हित को ध्यान में रखकर काम किये। इन कार्यों पर जितना धन उन्होंने व्यय किया उतना किसी रियासत ने नहीं किया फिर भी उनका राजकोष समृद्ध था। उनकी विचारशीलता बहुत व्यापक थी। पूरा भारत राष्ट्र और सनातन विचार उनके चिंतन में समाया थी। वे बहुत दूरदर्शी थीं। भविष्य का भारत कैसे प्रतिष्ठित हो, आने वाली पीढ़ी और समाज कैसे सुसंस्कृत हो और कैसे भारत राष्ट्र का सांस्कृतिक गौरव पुनर्प्रतिठित हो, वे दिन रात इसी चिंतन में डूबी रहतीं थीं।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में सप्त दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप का हुआ आयोजन

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय हरदोई में सप्त दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन हुआ जिसमें अलग–अलग 7 दिनों में बच्चों को भाषा से संबंधित गतिविधियां कराई गई। भारत के मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन द्वारा प्रचारित एवं प्रसारित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को देशज भाषाओं, बोलियों से परिचित कराना तथा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक व ऐतिहासिक धरोहरों को बच्चों तक पहुंचाना था। 7 दिनों के निर्धारित साप्ताहिक कार्यक्रमों के विवरण के अनुसार पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हरदोई में बच्चों को सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश की कुछ प्रमुख बोलियों का ज्ञान दिया गया तथा भारत की विभिन्न भाषाओं से भी उनका परिचय कराया गया। स्थानीय भाषा में वास्तविक जीवन में प्रयुक्त होने वाले शब्दों में वार्तालाप, सब्जियों, फलों के नाम इत्यादि बच्चों ने जिज्ञासा के साथ सीखे। बच्चों को यह विस्तार से समझाया गया की उत्तर प्रदेश में प्रमुख रूप से बोले जाने वाली कुल आठ स्थानीय भाषाएं जैसे भोजपुरी, मधी, बुंदेली, कौरवी, अवधि इत्यादि प्रदेश के किस हिस्से में बोले जाते हैं और कैसे एक दूसरे से थोडा बहुत अलग है। प्रत्येक भाषा के प्रमुख साहित्यकार, रचनाएं, संगीतकार व गायको जैसे मालिनी अवस्थी, भिखारी ठाकुर, मैथिली ठाकुर, अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध इत्यादि से बच्चों को डिजिटल माध्यम से रोचक तरीकों से अवगत कराया गया। बच्चों ने लोकल खान–पान के बारे में भी जाना जब सभी बच्चों ने आपस में एक दूसरे के घर से बने हुए अलग–अलग तरह के लजीज



व्यंजनों का स्वाद चखा। अध्यापिका अर्चना सिंह द्वारा बच्चों से देशी भाषाओं के गीत भी सुने गए तथा बच्चों ने नाटक भी प्रस्तुत किये। देश प्रदेश के प्रमुख धरोहरों इमारतों, नदियों के बारे में बच्चों ने छठे दिन डिजिटल टीवी पर ज्ञान प्राप्त किया। शिक्षक के सी कुशवाहा द्वारा बच्चों को रोचक जानकारी जैसे हैदराबाद का नाम हैदराबाद क्यों पड़ा, भी दी गई। पुस्तकालय अध्यक्ष आदेश जी द्वारा बच्चों को तमिल में गिनती सिखाई गई प्राचार्य ने बच्चों से क्विज के माध्यम से जाना कि उन्होंने क्या सीखा। इस समर कैंप का आयोजन व संचालन डॉक्टर अर्चना सिंह पीजीटी इंग्लिश, आदेश पुस्तकालयअध्यक्ष, के कुशवाहा टीजीटी इंग्लिश, अखिलेश सिंह पीजीटी हिंदी, तथा संजीव प्रताप प्राथमिक शिक्षक द्वारा प्राचार्य मोहम्मद राशिद के निर्देशन में सफलतापूर्वक किया गया। अपने संभाषण में प्राचार्य मोहम्मद राशिद जी ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के समर कैंप बच्चों की छुट्टियों को सार्थक बनाते हैं बच्चों को नित्य प्रतिदिन कुछ नया सीखने समझने की प्रेरणा देते हैं पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हरदोई छुट्टियों में भी बच्चों के विकास के लिए पूर्णतया समर्पित है। बच्चों को समर कैंप में भाग लेने के लिए सर्टिफिकेट व पुरस्कार भी दिए गए तथा स्वास्थ्य पूर्ण जलपान की व्यवस्था भी की गई थी।

## भीषण सड़क हादसा,बस पलटने से पांच की मौत,पांच घायल

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। बक्सा थाना क्षेत्र के लखउवा हाईवे के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बदलापुर से जौनपुर शहर की ओर आ रही एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें पांच यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस तेज रफ्तार में थी और मोड़ पर नियंत्रण खो बैठी, जिससे वह सड़क किनारे पलट गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि बस में सवार कई यात्रियों को बाहर निकालने में स्थानीय लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सूचना मिलते ही बक्सा थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया। मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस द्वारा हादसे की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में लापरवाही और तेज रफ्तार को मुख्य कारण माना जा रहा है।स्थानीय प्रशासन और राहत कायरू घटना के बाद राहत एवं बचाव कार्य में प्रशासन ने तत्परता दिखाई। एम्बुलेंस की व्यवस्था कर घायलों को तुरंत इलाज के लिए भेजा गया। वहीं, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।फिलहाल बस चालक की स्थिति व जिम्मेदारी को लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।घायलों का जिला अस्पताल पहुंच कर जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने घायलों का हाल जाना।इस मामले में बात करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि सुबह घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है सभी घायलों की हालत सामान्य है इस दुखद घटना में पांच लोगों की मौत हुई है जबकि पांच घायलों का इलाज चल रहा है परिजनों से बात हुई है। माननीय मुख्यमंत्री जी के आदेशों का पालन किया जा रहा है।शासन से जो भी निर्देश जारी किया जाएगा उसका पालन किया जाएगा। वहीं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत है प्रथम दृष्टि मामला में चालक की लापरवाही सामने आई है मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है घायलों का इलाज चल रहा है।मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।मृतक नाम संध्या शर्मा (60) पत्नी विजय शर्मा निवासी बक्सा थाना बक्सा, नेमा देवी (60 ) परदेसी गौड़ निवासी वर्तमान पता टाटा जमसेदपुर थाना परसुदी जिला झारखंड जौनपुर पता गोपीपुर थाना जफरबाद जमसेदपुर मे नौकरी करते है जौनपुर आये थे अपने ससुराल केराकत मे परदेसी गौड़ का है ससुराल बस मे दो नाती भी थे एक का नाम अभिरौव 7 वर्ष व नैतिक 14 वर्ष , काली चरण (36) पुत्र विंध्याचल उर्फ राम सागर निवासी रू चौरी सलामतपुर लेदुका बाजार थाना बदलापुर मृतक के दो बेटे एक बेटी है जो अभी छोटी है, बताया जा रहा है घर का अकेला था काली चरण, बस मे कंडक्टर था। सुशीला यादव (55 )पत्नी लाल जी यादव ,निवासी सलेखन पट्टी थाना बदलापुर चौकिया दर्शन करने आ रही थी।एक मृतक का नाम पता अज्ञात है।

## बेखौफ बदमाशों फायरिंग कर ऑटो चालक को मारी गोली ,घायल

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नगर के मनियरा मोड़ के पास जंगली टेलर की दुकान में घुसकर गुरुवार को देर शाम बेखौफ बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर ऑटो चालक को गोली मारकर फरार हो गये। गोली लगने से प्रदीप यादव (22) निवासी ग्राम पैड़हा थाना देवगांव आजमगढ़ घायल हो गये गोली चलने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। विदित हो मिन्टू यादव (24) पुत्र अमरदेव यादव के परिजन प्रिंस यादव को बाबतपुर एयर पोर्ट पर लेने आने वाले थे, जिसे घर ले आने के लिये मिन्टू यादव ने प्रदीप यादव का ऑटो रिजर्व किया था। जानकारी के अनुसार जैसे ही ऑटो मछली मार्केट के पास पहुंची तभी किसी बात को लेकर बदमाशों से विवाद हो गया। ऑटो चालक वहाँ से बचते बचाते आगे बढ़ा तो मनियरा मोड़ के पास स्थित जंगली टेलर्स के यहाँ पहुंचा। पीछा कर रहे आधा दर्जन की संख्या में बदमाशों ने रोक लिया। और बुरी तरह पिटाई करते हुये प्रदीप को गोली मार दिया। गोली प्रदीप की बाई बाह को छेदते हुये सीने के ऊपर घाव बनाते हुये पार निकल गयी। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। वही गोली की चलने की सूचना के आधे घण्टे बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित का प्राथमिक उपचार कराया जहाँ चिकित्सकों ने घायल को बेहतर उपचार हेते जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक **देश की उपासना**

**स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।**

**सम्पादक**
**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**
**मो0 – 7007415808, 9628325542, 9415034002**
**RNI NO - UPHIN/2022/86937**
**Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com**

**समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।**